**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने शिक्षक दिवस पर पूर्व शिक्षकों को किया सम्मानित

## विश्वविद्यालय के 'हरियाली पर्व' में भागीदार बने पूर्व शिक्षक एवं कर्मचारी

फरीदाबाद, 5 सितम्बर (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शिक्षक दिवस को अनोखे तरीके से मनाते हुए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया तथा पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का हिस्सा रहे पूर्व शिक्षकों तथा सहायक कर्मचारियों को आमंत्रित किया तथा संस्थान में उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

यह पौधारोपण अभियान विश्वविद्यालय द्वारा मनाये जा रहे दूसरे चरण के हरियाली पर्व का हिस्सा है। इस अभियान में विश्वविद्यालय विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पौधारोपण में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करता है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने जीवन में शिक्षक के रूप में प्रकृति के महत्व पर बल दिया और कहा कि प्रकृति हमें जीवन में संतुलन और सद्भाव बनाए रखने का सबक सिखाती है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर पौधारोपण अभियान की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला।

कुलपति ने कहा कि मौजूदा समय में प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने और सिखाने के तौर-तरीके को बदल दिया है। लेकिन तकनीक, चाहे कितनी भी उन्नत क्यों न हो, भौतिक शिक्षण अनुभव को पूरी तरह से नहीं बदल सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में अद्वितीय और अपूरणीय भूमिका निभाते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं अपितु हमारा मार्गदर्शन करते हैं।शिक्षक ही हैं जो हमें आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं जो प्रौद्योगिकी से कहीं अधिक है। कुलपति ने कहा कि पूर्व शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान इस संस्थान की मजबूत नींव के रूप में काम कर रहा है।



वाईएमसीए इंस्टीट्यूट का हिस्सा रहे पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।

कार्यक्रम के दौरान, पूर्व शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने संस्थान के गौरवशाली अतीत से अपने अनुभव साझा किए और भूतपूर्व वाईएमसीए संस्थान की संस्कृति और विरासत का परिचय दिया, जिसे विश्वविद्यालय ने बरकरार रखा था। उन्होंने संस्थान के समग्र विकास पर भी संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों और स्टॉफ सदस्यों में प्रो. के. एल. सिक्का, प्रो. आर. के. गौड़, डी.एल. ओबेरॉय, आर.के. अहलूवालिया, पी.के. शारदा, आर.पी. आर्य,एच.एल. तलवार और जे.पी. शर्मा ने हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

इससे पहले डॉ. रेणुका गुप्ता ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर प्रकाश डाला तथा पंच भूत के महत्व पर बल दिया, जो प्रकृति के पांच आवश्यक तत्वों भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर का प्रतिनिधित्व करते है और प्राचीन दर्शन में 'भगवान' कहा गया है। डॉ. प्रदीप डिमरी ने कार्यक्रम के अतिथि पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों का परिचय दिया और संस्थान के विकास में उनकी बहुमूल्य भूमिकाओं पर प्रकाश डालता। इस अवसर पर छात्रों द्वारा शिक्षकों को समर्पित विभिन्न प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रम के समापन पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. मुनीश वशिष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हरियाली पर्व के अंतर्गत पौधारोपण अभियान का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मनीश वशिष्ठ की देखरेख तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता के संयोजन में डीएसडब्ल्यू एवं वसुंधरा ईको क्लब के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने शिक्षक दिवस पर पूर्व शिक्षकों को किया सम्मानित

फरीदाबाद, 5 सितम्बर (रैपको न्यूज)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शिक्षक दिवस को अनोखे तरीके से मनाते हुए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया तथा पूर्ववर्ती वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का हिस्सा रहे पूर्व शिक्षकों तथा सहायक कर्मचारियों को आमंत्रित किया तथा संस्थान में उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

यह पौधारोपण अभियान विश्वविद्यालय द्वारा मनाये जा रहे दूसरे चरण के हरियाली पर्व का हिस्सा है। इस अभियान में विश्वविद्यालय विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पौधारोपण में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करता है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने जीवन में शिक्षक के रूप में प्रकृति के महत्व पर बल दिया और कहा कि प्रकृति हमें जीवन में संतुलन और सद्भाव बनाए रखने का सबक सिखाती है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर पौधारोपण अभियान की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला।



कुलपति ने कहा कि मौजूदा समय में प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने और सिखाने के तौर-तरीके को बदल दिया है। लेकिन तकनीक, चाहे कितनी भी उन्नत क्यों न हो, भौतिक शिक्षण अनुभव को पूरी तरह से नहीं बदल सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में अद्वितीय और अपूरणीय भूमिका निभाते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं अपितु हमारा मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षक ही है जो हमें आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि प्रदान करते है जो प्रौद्योगिकी से कहीं अधिक है। कुलपति ने कहा कि पूर्व शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान इस संस्थान की मजबूत नींव के रूप में काम कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान, पूर्व शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने संस्थान के गौरवशाली अतीत से अपने अनुभव साझा किए और भूतपूर्व वाईएमसीए संस्थान की संस्कृति और विरासत का परिचय दिया, जिसे विश्वविद्यालय ने बरकरार रखा था। उन्होंने संस्थान के समग्र विकास पर भी संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों में प्रो. के. एल. सिक्का, प्रो. आर. के. गौड़, श्री डी.एल. ओबेरॉय, श्री आर.के. अहलूवालिया, श्री पी.के. शारदा, श्री आर.पी. आर्य, श्री एस.एल. तलवार और श्री. जे.पी. शर्मा ने हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

इससे पहले डॉ. रेणुका गुप्ता ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर प्रकाश डाला तथा पंच भूत के महत्व पर बल दिया, जो प्रकृति के पांच आवश्यक तत्वों भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर का प्रतिनिधित्व करते है और प्राचीन दर्शन में 'भगवान' कहा गया है। डॉ. प्रदीप डिमरी ने कार्यक्रम के अतिथि पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों का परिचय दिया और संस्थान के विकास में उनकी बहुमूल्य भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों द्वारा शिक्षकों को समर्पित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. मुनीश वशिष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हरियाली पर्व के अंतर्गत पौधारोपण अभियान का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मनीश वशिष्ठ की देखरेख तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता के संयोजन में डीएसडब्ल्यू एवं वसुंधरा ईको क्लब के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# REPCO NEWS

## असीमित संभावनाओं का क्षेत्र है रेडियो : आर जे गीत



फरीदाबाद, 5 सितम्बर (रैपको न्यूज़)। जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, विसुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया एवं सोशल वर्क के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का दूसरा दिन रेडियो प्रोडक्शन पर केन्द्रित रहा।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में रेडियोमहारानी के आरजे गीत, आरजे गौरव ने छात्रों से रेडियो प्रोडक्शन और रेडियो में करियर पर संवाद किया और छात्रों को माइक परआरजे, वॉइस मॉड्यूलेशन तथा आर्ट ऑफ स्टोरी टेलिंग की प्रैक्टिस भी करवायी। आरजे गीत ने -मीडिया कंटेंट एंड क्रिएटिविटी- सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी पर हर मीडिया छात्र को काम करना चाहिए। आज के समय में जहाँ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एक सिंगल क्लिक पर कंटेंट लिख कर देता है ऐसे में कंटेंट राइटर औरप्रेसेंटर को ज्यादा मेहनत की आवश्यकता है। फिर चाहे वो प्रॉम्पट लिखना हो या रेडियो जिंगल। रेडियो जॉकी को अपनी आवाज और शब्द चयन से श्रोताओं को बांधे रखने में सक्षम होना चाहिए और वह दर्शकों के सामने सामग्री को कैसे प्रस्तुत करता है यह भी महत्वपूर्ण है। वहीं आरजे गौरव ने कहा कि रेडियो जॉकी संगीत प्रेमियों के लिए एक रोमांचक, आशाजनक करियर और एक बड़ी चुनौती है। यदि आप वास्तव में रेडियो जॉकी के रूप में करियर में रुचि रखते हैं, तो एक आरजे के लिए एक स्वचालित, मज़ेदार और मिलनसार व्यक्तित्व का होना बहुत जरूरी है। यदि आप इस क्षेत्र में नौकरी पाना चाहते हैं, तो भाषा पर मजबूत पकड़ और अच्छी आवाज हमेशा अच्छी चीजें होती हैं। इसके अलावा एक अच्छा रेडियो जॉकी बनने के लिए आपको अच्छे रेडियो जॉकी की बातें भी सुननी होंगी ताकिआप उनकी शैली को समझ सकें और बाद में अभ्यास करके अपनी शैली बना सकें। छात्र कल्याण विभाग के साथ संयुक्त तत्वावधान में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन 16 सितंबर तक किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

## HINDUSTAN

# रेडियो प्रोडक्शन की बारीकियां सीखीं

**कार्यक्रम**

**फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया तकनीकी विभाग के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का दूसरा दिन रेडियो प्रोडक्शन पर केन्द्रित रहा। छात्रों ने कार्यक्रम में रेडियों प्रोडक्शन की बारीकियां सीखी।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में रेडियो महारानी के आरजे गीत, आरजे गौरव ने छात्रों से रेडियो प्रोडक्शन और रेडियो में करियर पर संवाद किया और छात्रों को माइक पर आरजे, वॉइस मॉड्यूलेशन तथा आर्ट ऑफ़ स्टोरी टेलिंग की प्रैक्टिस भी करवायी। आरजे गीत ने मीडिया कंटेंट एंड क्रिएटिविटी सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी पर हर मीडिया छात्र को काम करना चाहिए। आज के समय में जहां आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एक सिंगल क्लिक पर कंटेंट लिख कर देता है ऐसे में कंटेंट राइटर और प्रेसेंटर को ज्यादा मेहनत की आवश्यकता है। रेडियो जॉकी को अपनी आवाज और शब्द चयन से श्रोताओं को बांधे रखने में सक्षम होना चाहिए और वह दर्शकों के सामने सामग्री को कैसे प्रस्तुत करता है यह भी महत्वपूर्ण है। वही आरजे गौरव ने कहा कि रेडियो जॉकी संगीत प्रेमियों के लिए एक रोमांचक, आशाजनक करियर और एक बड़ी चुनौती है।

### हरियाली पर्व में भागीदार बने पूर्व शिक्षक और कर्मचारी

विश्वविद्यालय ने शिक्षक दिवस को अनोखे तरीके से मनाते हुए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय का हिस्सा रहे पूर्व शिक्षकों तथा सहायक कर्मचारियों को आमंत्रित किया तथा संस्थान में उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। यह पौधारोपण अभियान विश्वविद्यालय द्वारा मनाये जा रहे दूसरे चरण के हरियाली पर्व का हिस्सा है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन में संतुलन और सद्भाव बनाए रखने का सबक सिखाती है।

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## स्टोरी टेलिंग की जानकारी दी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मीडिया छात्रों के लिए 12 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को छात्रों के लिए रेडियो प्रोडक्शन का सेशन रखा गया। इस दौरान छात्रों को रेडियो प्रोडक्शन की जानकारी दी गई। सत्र में विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, आरजे गीत, गौरव ने छात्रों के साथ संवाद किया। उन्हें छात्रों को माइक के इस्तेमाल, वॉइस मॉड्यूलेशन व आर्ट ऑफ स्टोरी टेलिंग आदि की जानकारी दी।

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## पौधरोपण कर मनाया शिक्षक दिवस

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में पौधरोपण अभियान चलाकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का हिस्सा रहे पूर्व शिक्षकों व सहायक कर्मचारियों को आमंत्रित किया और संस्थान में उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने पूर्व शिक्षकों व कर्मचारियों को पौधे भेंट किए। यहां प्रफेसर केएल सिक्का, प्रफेसर आरके गौड़, डीएल ओबेरॉय, आरके अहलूवालिया, पीके शारदा, आरपी आर्य, एचएल तलवार, जेपी शर्मा, डॉ. रेणुका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:06.09.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस में पौध रोपण किया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पूर्व शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।